# प्रथम लिखित कसोटी -२०१५

दिनांक : ३०/१०/२०१५ | कक्षा : ७ | समय : ११:०० से १४:००
वार : शुक्रवार | विषय : हिन्दी | कुल अंक : ८०

छात्र का नाम : ______________________ बैठक क्रमांक : __________

सूचना : (1) सभी प्रश्नों के उत्तर अलग उत्तरवही में लिखें ।

**प्रश्न-१ (अ) विकल्प में से उचित उत्तर ढूंढकर लिखिए ।** (10)

(१) मुग्ध शब्द का अर्थ दूँढकर लिखिए

(अ) आसक्त (ब) अशक्ति (क) आवाज (ड) मिसरी

(२) भाववाचक संज्ञा दूँढकर लिखिए ।

(अ) भारत (ब) दूध (क) नदी (ड) बुराई

(३) वह कौन जा रहा है ? वाक्य में से प्रश्नवाचक सर्वनाम दूँढकर लिखिए ।

(अ) वह (ब) कौन (क) जा रहा (ड) है ।

(४) डॉ. विक्रम साराभाई का जन्म कहाँ हुआ था ?

(अ) अहमदाबाद (ब) सुरत (क) भावनगर (ड) थुम्बा

(५) 'में स्वयं चला जाऊँगां ।' वाक्य में से निजवाचक सर्वनाम दूँढकर लिखिए ।

(अ) मैं (ब) चला (क) जाऊँगा (ड) स्वयं

(६) 'बच्चों की टोली होली खेलने निकली है ।' वाक्य में से समूहवाचक संज्ञा दूँढकर लिखिए ।

(अ) होली (ब) टोली (क) खेलने (ड) निकली

(७) सही शब्द दूँढकर लिखिए ।

(अ) प्रतीक्षा (ब) प्रतिक्षा (क) प्रतीक्सा (ड) प्रद्गीक्षा

(८) 'पूर्णविराम' का चिह्न दूँढकर लिखिए ।

(अ) ? (ब) ! (क) । (ड) –

(९) 'पालतू' शब्द का विलोम शब्द दूँढकर लिखिए ।

(अ) जानवर (ब) जंगली (क) बूरा (ड) कम

(१०) राधनपुर नाम का नगर कौन से जिले में आया है ?

(अ) पाटन (ब) अहमदावाद (क) मेहसाना (ड) बनासकांठा

Scanned by CamScanner

**(ब) परिच्छेद का अनुलेखन लिखिए।** (4)

मानव जीवन प्रभु की अनमोल देन है । सभी प्राणियों में मनुष्य को प्रभुने विशिष्ट शक्तियाँ प्रदान की हैं, इसलिए वह संसार में बहुत ही अच्छे ढंग से जीवनयावन करता है । मगर सभी लोग हर समय सभी काम नहीं करते हैं । कई बार मनुष्य कहता कुछ है और करता कुछ है ।

**प्रश्न-२ (अ) प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (किन्ही चार)** (8)

(१) टायर फटने के बाद क्या-क्या हुआ ?

(२) सेठने कुत्ते को क्यों मुक्त कर दिया ?

(३) लोग कहाँ-कहाँ कतार में खडे रहते हैं ?

(४) डॉ. विक्रम साराभाई कितने भाई-बहन थे ?

(५) "गरीब की हाय" के लिए कौन-सा उदाहरण दिया है ?

**(ब) प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (किन्ही चार)** (8)

(१) चिडियाँ खुशी के गीत कब गाती हैं ?

(२) हिन्दवासियों में कैसी विविधताएँ हैं ?

(३) रहीम प्रेम का धागा तोडने के लिए क्यों मना करते हैं ?

(४) साधु कैसा होना चाहिए ?

(५) हरियाली कहाँ-कहाँ दिखाई देती हैं ?

**(क) परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद कीजिए।** (4)

वह केवल उच्च कोटि के वैज्ञानिक ही नहीं थे, बल्कि व्यस्तताओं के बावजूद कला, शिक्षा व समाज के लिए पर्याप्त समय निकाल लेते थे । उनके ही प्रयासों से अहमदाबाद में लोकविज्ञान केन्द्र एवं नेहरू विकास संस्थान की स्थापना हुई, यहाँ वह जन सामान्य की विज्ञान के प्रति रूचि जागृत करने के लिए कार्य करते रहे ।

**प्रश्न-३ (अ) मुहावरों के अर्थ लिखिए। (किन्ही दो)** (2)

(१) मार खा जाना (२) फूट-फूट कर रोना (३) गुणों की खान

**(ब) गोलें में से शब्द चुनकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाकर लिखिए। (किन्ही दो)** (4)

भारती
रहा
खेल
है ।
रही
मेघा
किसन
पढ

(क) शब्द की मदद से पहेली पूर्ण कीजिए। (4)


................ अक्षर का नाम प्यारा,

दुनिया में है .............. न्यारा ।

अंत काटे तो '.................' हो जाऊँ,

................. तो 'भात' हो जाऊँ ।

(ड) शब्दों के उचित क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य लिखिए । (किन्ही दो) (4)




प्रश्न-४ (अ) नीचे दिए हुए शब्दो में से व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ ढँढकर लिखिए। (4)

नदी, तापी, गुजरात, देश, मोहन, नर्मदा

(ब) समानार्थी शब्दों की जोड़ बनाकर लिखिए। (4)

| | | | |
|---|---|---|---|
| रास्ता | मानव | फूल | निराला |
| कुसुम | अनूठा | जन | राह |

(क) विलोम शब्दों की जोड़ बनाकर लिखिए । (4)

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंत | ज्यादा | नियमित | कम |
| अनियमित | कठिन | सरल | प्रारंभ |

Scanned by CamScanner

(ड) स्त्रीलिंग-पुल्लिंग शब्दों की जोड बनाकर लिखिए। (4)

| | |
|---|---|
| लड़का | छात्रा |
| राजा | बेगम |
| छात्र | लड़की |
| श्रीमान | रानी |
| बादशाह | श्रीमती |

प्रश्न-५ (अ) दोहों का भावार्थ लिखिए। (किन्हीं एक) (6)

(१) माखी गुड में गडि रहे, पंख रह्यो लिपटाय ।
हाथ मले और सिर धुने, लालच बुरी बलाय ॥

(२) बडा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड खजूर ।
पंथी को छाया नहीं, फल लगे अति दूर ॥

(ब) किसी एक विषय पर दस-बारह वाक्य लिखिए। (10)

(१) मेरा प्रिय वैज्ञानिक

(२) मेरा प्रिय त्योहार

(३) अपनी पसंदगी की कहानी

*Best Of Luck*

Scanned by CamScanner